Email ID :- ee_cd_ferozabad@yahoo.in
CUG Mob. :- 9473942636

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सुहाग नगर, फिरोजाबाद।

पत्रांकः– 22015 / जल जीवन मिशन / 208 दिनांक 11-12-2025

सेवा में,

ई–मेल
11-12-2025

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **जन प्रतिनिधियों द्वारा जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की अध्यक्षता में दिनांक 28.11.2025 को संपन्न हुई समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त में उल्लिखित बिंदु संख्या–11 के अनुपालन में, जल जीवन मिशन (फेज–4) सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना की अद्यतन प्रगति से डॉ0 मुकेश वर्मा, माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र–शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद से समय प्राप्त करते हुये दिनांक 11.12.2025 को बैठक उनके आवास पर आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता/अवर अभियंता, मै० लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड एवं मै० दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा० लि० उपस्थित रहे।




अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजनांतर्गत प्रस्तावित समस्त कार्यों को फ्लो–डायग्राम एवं जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग के माध्यम से विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुये, अवगत कराया गया कि जनपद फिरोजाबाद जल जीवन मिशन (फेज–4) के अंतर्गत चयनित है, जिस हेतु दो पैकेज स्वीकृत है :– पैकेज–01, जिसकी स्वीकृत लागत ₹ 869.66 करोड़ तथा पैकेज–02, जिसकी स्वीकृत लागत ₹1165.46 करोड़ है। इस प्रकार योजना की कुल स्वीकृत लागत ₹2035.12 करोड़ है।

अवगत कराया गया कि योजना का कच्चे जल का स्रोत लोअर गंगा कैनाल है। उक्त स्रोत से जल प्राप्त कर WTP के माध्यम से शोधित करते हुए क्लीयर वाटर राइजिंग मेन, MIBPS, IBPS, अवर जलाशयों एवं वितरण प्रणाली के माध्यम से जनपद फिरोजाबाद एवं आगरा के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों को **"हर घर नल से जल"** उपलब्ध कराया जाना है। बैठक में मा० विधायक जी को



Scanned with OKEN Scanner

पूर्वनिर्मित योजनाओं के संचालन एवं रख–रखाव हेतु चयनित मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया गया। फर्म द्वारा वर्तमान में 57 नग आंशिक क्रियाशील योजनाओं का संचालन किया जा रहा है तथा शेष 29 नग अक्रियाशील योजनाओं को क्रियाशील बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। अतिरिक्त रूप से, 86 समस्त योजनाओं के पूर्ण दक्ष संचालन हेतु प्राक्कलन मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके है।

मा० विधायक जी द्वारा कार्यों की वर्तमान भौतिक प्रगति के संबंध में जानकारी चाही गई। पैकेज–01 के अंतर्गत मै० एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में बताया गया अवगत कराया गया कि इनटेक/ऑफटेक क्षमता 586 MLD तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता 456 MLD है, जिसका निर्माण ग्राम भड़ेहरा, परगना मारहरा, तहसील एटा, जनपद एटा में प्रगतिशील है। इस योजना से जनपद फिरोजाबाद के 780 राजस्व ग्रामों की 19,31,000 तथा जनपद आगरा के 902 राजस्व ग्रामों की 29,95,770 पर इस प्रकार कुल 49,26,770 जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। संपूर्ण कार्यों की वर्तमान भौतिक प्रगति लगभग 59 प्रतिशत है।

पैकेज–02 के अंतर्गत मै० लार्सन एण्ड टूब्रो द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में बताया गया कि 8 IBPS पर कार्य प्रगति पर है, जिनकी औसत प्रगति 65 प्रतिशत है। 249 अवर जलाशयों में से 235 अवर जलाशयों के कार्य लगभग 35 प्रतिशत है एवं 5425 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 3310 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, पैकेज–2 की कुल प्रगति 58 प्रतिशत है। इस पर मा० विधायक जी द्वारा निर्देशित किया गया कि मशीनरी एवं मानव संसाधन में वृद्धि कर कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

मा० विधायक जी द्वारा मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड के कार्यों की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि कार्यों को लक्षित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। फर्म प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को भुगतान प्राप्त न होने के कारण कार्यों की प्रगति धीमी हुयी है। मा0 विधायक जी द्वारा सुझाव दिया गया कि विधानसभा क्षेत्र शिकोहाबाद में स्वीकृत/निर्माणाधीन कार्यों के प्रचार–प्रसार हेतु जगह–जगह पर फ्लेक्सी बोर्ड का अधिष्ठापन कराया जाये, जिससे जनता को योजना सम्बन्धी जानकारी प्राप्त हो सके।

मा0 विधायक जी द्वारा मै0 दारा इंजीनियर से पूर्व निर्मित योजनाओं पर नियुक्त किये गये पम्प ऑपरेटरों के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी कि पम्प ऑपरेटर सम्बन्धित ग्राम पंचायत के निवासी है या अन्य। इस सम्बन्ध में फर्म प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व से तैनात पम्प ऑपरेटरों को ही नियुक्त कर योजना का संचालन किया जा रहा है।

अंत में मा० विधायक जी द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा पाइपलाइन बिछाने हेतु काटी जा रही पाइप लाइन को तत्काल मोटरेबल करा दिया जाये तथा गुणवत्तापूर्ण सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाए एवं आगामी 10 दिवस पश्चात् कार्यों का निरीक्षण कराया जाये।

भवदीय

(देवेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 2205 / ———— / 2080 दिनांक 11-12-2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– डॉ0 मुकेश वर्मा, मा0 विधायक, विधानसभा क्षेत्र–शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
2– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
5– अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
6– परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
7– परियोजना प्रबन्धक, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
8– परियोजना प्रबन्धक, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, फिरोजाबाद।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner